2022

HINDI

Paper : HIN-SE-4014

(अनुवाद विज्ञान)

(Skill Enhancement Course)

Full Marks : 50

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) 'अनुवाद' शब्द का अंग्रेजी पर्याय क्या है?

(ख) छायानुवाद किसे कहते हैं?

(ग) 'अनुवाद' शब्द में विद्यमान 'अनु' उपसर्ग का आशय क्या है?

(घ) 'अनुवाद' शब्द का व्युत्पत्तिपरक अर्थ क्या है?

(ङ) गद्यानुवाद का आशय बताइए।

(च) 'फूल मत तोड़ो।' इस वाक्य का अंग्रेजी में अनूदित रूप क्या है?

(छ) ज्ञापन क्या है?

(ज) 'Yours Faithfully' को हिन्दी में क्या कहा जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) अनुवाद की परिभाषा क्या है?

(ख) अनुवाद-कार्य की क्या आवश्यकता है?

(ग) अनुवाद-कार्य में द्विभाषिक की भूमिका क्या है?

(घ) अनुवाद-कार्य के संदर्भ में रचयिता कौन-सी भूमिका निभाता है?

(ङ) विज्ञापन के अनुवाद में किन बातों पर ध्यान रखना पड़ता है?

(च) निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में से किन्हीं दो के हिन्दी पर्याय बताइए :

Deputy Manager ; Executive Council ; Joint Secretary ; Honorary Degree

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×2=10

(क) भावानुवाद

(ख) काव्यानुवाद

(ग) तकनीकी अनुवाद

(घ) शब्दानुवाद

(ङ) सारानुवाद

(च) संकल्प-प्रस्ताव का अनुवाद

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) बहुभाषी समाज में परिवर्तन तथा बौद्धिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अनुवादकार्य की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ख) अनुवाद-प्रक्रिया के तीनों चरणों पर विचार कीजिए।

(ग) अनुवाद का स्वरूप क्या है? अनुवाद कार्य की प्रकृति को स्पष्ट कीजिए।

(घ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

372 A. (2) : Nothing in clause (1) shall be deemed to prevent a competent legislature or other competent authority from repealing or amending any law adapted or modified by the president under the said clause.

(ङ) अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

उच्चतम न्यायालय के और राज्यों के उच्च न्यायालयों के ऐसे न्यायाधीशों से परामर्श करने के पश्चात्, जिनसे राष्ट्रपति इस प्रयोजन के लिए परामर्श करना आवश्यक समझे, राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा उच्चतम न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश को नियुक्त करेगा...।

(च) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(i) मैंने यह पुस्तक दो रुपये में खरीदी।

(ii) आप ही ने उसे बुलाया था।

(iii) यही वह पुस्तक है जिसे मैं चाहता हूँ।

(iv) आठ बजने को 15 मिनट हैं।

(v) रात्रि में अंधकार होता है।

(vi) The Earth is round.

(vii) What is the matter with you?

(viii) I cannot agree with that you say.

(ix) Always remain true to your words.

(x) The sun rises in the east.

(छ) परिपत्र का एक नमूना हिन्दी में बनाकर उसे अंग्रेजी में रूपांतरित कीजिए।

(ज) सर्जनात्मक साहित्य के अनुवाद की अपेक्षाओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

★★★